(vi) Need to declare Giripar (Jaunsar Babar) region in district Sirmaur, Himachal Pradesh as a Tribal area

***श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला):** महोदय, हिमाचल प्रदेश के शिमला संसदीय क्षेत्र के जिला सिरमौर के गिरिपार (जौनसार बाबर क्षेत्र) को जनजातीय क्षेत्र घोति करने की मांग हि.प्र. के जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय जनता कई वाों से करती आ रही है, लेकिन अभी तक इसे जनजातीय क्षेत्र घोति नहीं किया गया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि उक्त क्षेत्र से मिलता हुआ क्षेत्र उत्तराखंड में भी पड़ता है, लेकिन उत्तराखंड में पड़ने वाले क्षेत्र को भारत सरकार ने जनजातीय क्षेत्र घोति कर दिया है, जबकि हिमाचल प्रदेश में पड़ने वाले क्षेत्र को, जिसकी सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति बिल्कुल एक समान है, जनजातीय क्षेत्र घोति नहीं किया गया है। इसके कारण वहां जनता में रोा और क्षोभ व्याप्त है। वहां नौजवानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं और न वहां का आर्थिक विकास हो रहा है। यह एक विसंगति है। अतः मेरा निवेदन है कि गिरिपार (जौनसार बाबर) के चहुंमुखी विकास हेतु भारत सरकार तत्काल प्रभाव से उसे जनजातीय क्षेत्र घोति करे।

---

* Treated as laid on the Table.